दिन– बुधवार                                                    दिनांक– 16 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का होगा गठन।

02. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मात्र बहत्तर लाख मतदाताओं का गणना फार्म जमा करना शेष।

03. प्रदेश में अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही पूरी होगी दाखिल–खारिज की प्रक्रिया। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेशभर में हो रही झमाझम बारिश। मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————

राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नई नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति रोजगार के नये अवसरों के बारे में राज्य सरकार को सलाह देगी।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य में जारी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में प्रतिनियुक्त बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को सालाना मानदेय के अलावा छह हजार रूपये दिये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी है।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने पश्चिमी कोसी नहर के विस्तारीकरण, पुनर्स्थापन और आधुनिकीकरण के लिए आठ हजार छह सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की योजना को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने जन नायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मुख्यमंत्री होंगे। कैबिनेट ने कुल तीस प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान की।

———————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी है। अभियान के तहत अब तक छह करोड़ इक्यासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। यह कुल मतदाताओं की संख्या का छियासी दशमलव तीन–दो प्रतिशत है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब केवल बहत्तर लाख मतदाताओं का गणना फार्म जमा करना शेष है। यह संख्या कुल मतदाताओं का नौ दशमलव एक–छह प्रतिशत है। आयोग ने कहा है कि मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत लोगों को ध्यान में रखते हुये कुल मतदाता आधार का नब्बे दशमलव आठ चार प्रतिशत हिस्सा गणना प्रपत्र संग्रहण के दायरे में आ चुका है। आयोग के पोर्टल पर एक करोड़ बीस लाख से अधिक गणना फॉर्म अपलोड किये जा चुके हैं। मतदाता अब आयोग की वेबसाईट पर अपना फॉर्म जमा होने की स्थिति की भी जांच कर सकते हैं। गणना फॉर्म जमा करने में अब नौ दिन शेष हैं। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा है कि पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य के सभी दो सौ इकसठ नगर निकाय क्षेत्र के पांच हजार छह सौ तिरासी वार्ड में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बरतने और अभियान को लेकर दुष्प्रचार करने के आरोप में कटिहार के बारसोई के प्रखंड विकास पदाधिकारी हरि ओम शरण को निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने निलंबित बीडीओ पर विभागीय कार्रवाई शुरू करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग को पत्र भेजा है।

————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों द्वारा वोट हासिल करने के लिए क्षेत्रवाद और धर्म के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इससे देश की एकता और अखंडता के लिये खतरा उत्पन्न होता है और समाज में साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा मिलता है। ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसल्मीन –ए.आई.एम.आई.एम.का पंजीकरण रद्द करने की याचिका खारिज करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह केवल किसी एक पार्टी को निशाना नहीं बना सकती, जबकि अनेक दल ऐसे ही आचरण के दोषी हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धर्म या जाति के आधार पर वोट मांगना चुनावी विधानों का उल्लंघन है, जिसके आधार पर पार्टी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

————————————————————

प्रदेश में अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही दाखिल–खारिज की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। यह व्यवस्था अपनाने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कल पटना में इसके लिए इंटीग्रेटेड

लैंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री सरावगी ने कहा कि इस कदम से दाखिल–खारिज की प्रक्रिया में पारदर्शिता आयेगी।

–––बाईट–––

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अभिवावकों से सात वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अद्यतन कराने को कहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोट–––

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में लगातार बढ़ रहा है। यहां नदी खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गयी है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज में खतरे के निशान से मात्र चालीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज में नदी खतरे के निशान के आस–पास बनी हुई है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद मे लाल निशान से बीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ और खगड़िया के बलतारा में लगातार बढ़ रहा है।

---

बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती के लिए आज से लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के लिए सभी जिला मुख्यालयों में छह सौ सत्ताईस केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा दोपहर बारह बजे से शुरू होकर दोपहर दो बजे तक चलेगी। परीक्षा का आयोजन बीस जुलाई, तेईस जुलाई, सत्ताईस जुलाई, तीस जुलाई और तीन अगस्त को भी होगा।

---

श्रम संसाधन विभाग की ओर से आज पटना के ज्ञान भवन में एक दिवसीय नियोजन सह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में पैंतीस कम्पनियां शामिल हो रही हैं। मेले में अभ्यर्थियों के लिए ऑनस्पॉट पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध है।

---

सीबीआई की टीम ने खगड़िया के मानसी स्थित यूको बैंक की शाखा के प्रबंधक अमर कुमार को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मौके से एक बिचौलिये राजेश पासवान की भी गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक लोन देने के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

मुंगेर जिले जमालपुर आरपीएफ यार्ड से एक कैदी के भागने के मामले में पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

---

पटना जिले के पुनपुन थाना क्षेत्र के कामेश्वर सिंह चौक के पास पुलिस ने एक पार्सल वैन से बीस लाख रूपये मूल्य की शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के बरूराज थाना क्षेत्र के महमदा मकौड़ी टोला गांव में एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र के सरयू नदी रघुवरदास घाट पर दो युवकों की डूबने से मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की पृथ्वी पर सकुशल वापसी और राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– सुस्वागतम् शुभांशु, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अठारह दिन बिताकर लौटा चार सदस्यीय दल।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पांच साल में एक करोड़ नौकरी–रोजगार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में तीस प्रस्ताव किये गये स्वीकृत।

प्रभात खबर ने लिखा है– शिक्षकों का वेतन हर माह की पांच तारीख तक देने के आदेश।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– स्पैम मैसेज की पहचान के लिए अलग से कोड लगने शुरू। आज अखबार की सुर्खी है– टीडीपी ने बिहार में एसआईआर अभियान पर जतायी आपत्ति।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा टली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य मंत्रिमंडल ने पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित करने का फैसला किया। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का होगा गठन।

02. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मात्र बहत्तर लाख मतदाताओं का गणना फार्म जमा करना शेष।

03. प्रदेश में अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही पूरी होगी दाखिल–खारिज की प्रक्रिया। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेशभर में हो रही झमाझम बारिश। मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।